# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya**
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*
नैक द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त **Accredited with 'A' Grade by NAAC**

ज्ञान शांति मैत्री

**प्रो. आनन्द पाटील**
कुलसचिव (कार्यवाहक)
**Prof. Anand Patil**
Registrar (Acting)

दूरभाष/Phone : +91-7152-230902


क्रमांक : 003/2003/का.आ./ 02/2025/ 133
दिनांक : 29.04.2025

## सूचना

**विषय : वाक् (Elocution) प्रतियोगिता – दि. 30 अप्रैल 2025 – के सम्बन्ध में।**

केन्द्र सरकार के संसदीय कार्य मन्त्रालय के सचिवालय के अन्तर्गत Parliamentary Research & Training Institute for Democracies (PRIDE) द्वारा 9 मई 2025 को संसद भवन, नयी दिल्ली में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। प्राप्त पत्रानुसार, इस कार्यक्रम हेतु चयन प्रक्रिया के अन्तर्गत दि. 1 मई 2025 को दोपहर 12:00 बजे एक ऑनलाइन बहुविकल्पीय प्रश्नाधारित (Online MCQ Test) परीक्षा आयोजित की जाएगी।

इसी सन्दर्भ में, महात्मा गांधी अन्तरराष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय के स्नातक, स्नातकोत्तर एवम् पीएच.डी. के सभी विद्यार्थियों के लिए एक वाक् (Elocution) प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसके विवरण निम्नलिखित हैं :

**दिनांक : 30 अप्रैल 2025 (बुधवार)**
**समय : पूर्वाह्न 11:00 बजे**
**स्थान : जशुआ गुर्रम सभागार, संस्कृति विद्यापीठ**
**प्रतिभागी : विश्वविद्यालय के स्नातक, स्नातकोत्तर एवं पी.एच.डी. के विद्यार्थी**
**विषय : "रवींद्रनाथ ठाकुर का जीवन एवं दर्शन"**

इस प्रतियोगिता के माध्यम से एक छात्र एवम् एक छात्रा का चयन किया जाएगा, जो आगे PRIDE के कार्यक्रम हेतु विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। । प्रतियोगिता में देर से पहुँचने वाले विद्यार्थियों के आवेदन अथवा अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा। मूल्यांकन समिति का निर्णय अन्तिम एवम् बाध्यकारी रहेगा।

इच्छुक विद्यार्थी दि. 30 अप्रैल 2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से पूर्व कार्यक्रम स्थल पर स्थित पंजीकरण डेस्क पर अपना नाम पंजीकृत करवा सकते हैं।

इस प्रतियोगिता का संयोजन **राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता के संयोजक, डॉ. बालाजी शं. चिरडे, प्रभारी, इतिहास विभाग** द्वारा किया जाएगा।

सभी विद्यार्थियों से अनुरोध है कि कार्यक्रम में उपस्थित होकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करें तथा इस शैक्षिक अवसर का लाभ उठाएँ।

29/04/25
(प्रो. आनन्द पाटील)

**प्रतिलिपि (ई–मेल द्वारा):**

1. माननीय कुलपति सचिवालय
2. समस्त अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, केंद्र निदेशक,
3. संयोजक, राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता
4. वित्त अधिकारी (कार्यवाहक)
5. प्रभारी, परिसर विकास
6. समस्त छात्रावास अधीक्षक
7. सहायक क्षेत्रीय निदेशक (अकादमिक),
8. प्रभारी, लीला (वेबसाइट पर तत्काल अपलोड करने हेतु।)
9. सुरक्षा अधिकारी
10. रक्षित पत्रावली।